# नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।** भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंर्तगत केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में गुरुवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा पधारे हुएं अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक (संचालन) अजय गोयल तथा वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ज्ञानेश्वर खैरनार द्वारा आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इसे




विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंर्तगत जनहित में बताया गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में गुड़ अस्पताल, बुरहानपुर तथा नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा संयुक्त रूप से अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 65 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण जैसे रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों से संबधित परीक्षण, परामर्श तथा निःशुल्क औषधि भी वितरित की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में एक नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

---


रक्तदान शिविर आज | विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के नेपा लि. के अस्पताल में लगा शिविर

# शिविर में 65 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा के विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत नेपा लिमिटेड के अस्पताल में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

नेपा लिमिटेड अस्पताल के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझडीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल तथा वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इसे विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत बताया गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि शिविर में सुबह 10:30 से दोपहर 2 बजे तक 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों से संबधित परीक्षण, परामर्श तथा निःशुल्क औषधि वितरित की गई।



शिविर में उपस्थित डॉक्टर्स।

### शिविर में इन डॉक्टर्स ने किया चेकअप

शिविर में डॉ. अरविंद कुमार, एमडी (मेडिसिन), डॉ.अजय सिंह (जनरल फिजिशियन), डॉ. सुनील मलानी, एमडी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनीषा मिश्र, एमडी (जनरल फिजिशियन), डॉ. रमेशचंद्र दलाल, एमबीबीएस, डीसीपी (पैथोलॉजिस्ट), डॉ. यशवंत पाटिल, डॉ. मसूद मशरूवाला और डॉ. राजश्री मोरे ने सेवाएं दी। शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को एक नि:शुल्क रकदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

# नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**प्राईम संदेश रिपोर्टर कुणाल दशोरे**






भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार ÷स्वच्छता ही सेवा÷ विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में गुरुवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा पधारे हुएं अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक (संचालन) अजय गोयल तथा वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ज्ञानेश्वर खैरनार द्वारा आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इसे विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत जनहित में बताया गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में गुड़ अस्पताल, बुरहानपुर तथा नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा संयुक्त रूप से अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 65 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण जैसे रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों से संबधित परीक्षण, परामर्श तथा निःशुल्क औषधि भी वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर अरविंद कुमार, एमडी (मेडिसिन), डॉक्टर अजय सिंह (जनरल फिजिशियन), डॉक्टर सुनील मलानी, एमडी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर मनीषा मिश्र, एमडी (जनरल फिजिशियन), डॉक्टर रमेशचंद्र दलाल, एमबीबीएस, डीसीपी (पैथोलॉजिस्ट), डॉक्टर यशवंत पाटिल, डॉक्टर मसूद मशरूवाला और डॉक्टर राजश्री मोरे द्वारा अपनी चिकित्सकीय सेवाएं दी गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में एक निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

**दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन**

# केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में विशेष स्वच्छता अभियान






**प्राईम संदेश रिपोर्टर कुणाल दशोरे**

3.0 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दूसरे दिन निःशुल्क रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेपा लिमिटेड के महाप्रबंधक (संचालन) अजय गोयल द्वारा दुर्घटना सहित अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा हेतु रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया गया। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा युवाओं को नियमित समय अंतराल पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्व. नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय जिला चिकित्सालय, बुरहानपुर की वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायिका रेखा ओमकार ने महिलाओं एवं युवतियों से रक्तदान करने के लिए बढ-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। लैब टेक्नीशियन सुभाष चौहान ने रक्तदान से जीवनदान की बात को बताया। नेपा लिमिटेड के जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वच्छता के तीसरे चरण के इस विशेष अभियान में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित निःशुल्क रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर में नेपा मिल कर्मचारियों और नागरिकों द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कुल 16 यूनिट रक्त दान किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय की ओर से डॉक्टर यशवंत पाटिल, डॉक्टर मसूद मशरुवाला, डॉक्टर राजश्री मोरे, लैब टेक्नीशियन कैलाश वर्मा सहित शासकीय जिला चिकित्सालय, बुरहानपुर के ब्लड बैंक के स्टाफ और बिम्स्ट्स नर्सिंग कॉलेज, बुरहानपुर की प्रशिक्षु नर्सिंग स्टाफ द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।

दैनिक भास्कर
खंडवा, शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023 18

## धर्म ▸ समाज ▸ संस्था

# 65 मरीजों की जांच कर दिया परामर्श, दी दवाईयां



नेपानगर | भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के अस्पताल में गुरुवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देव ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। नेपा लिमिटेड अस्पताल के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझड़ीवाल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक (संचालन) अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ज्ञानेश्वर खैरनार द्वारा आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इसे विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत बताया गया।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बुरहानपुर निजी अस्पताल व नेपा लिमिटेड अस्पताल के डॉक्टरों ने संयुक्त रूप से सेवाएं दी। शिविर में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों से संबधित जांच कर परामर्श व निःशुल्क औषधि भी वितरित की गई। शिविर में डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अजय सिंह, डॉ. सुनील मलानी, डॉ. मनीषा मिश्र, डॉ. रमेशचंद्र दलाल, डॉ. यशवंत पाटिल, डॉ. मसूद मशरूवाला, डॉ. राजश्री मोरे ने मरीजों की जांच की। स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को निःशुल्क रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा।

आर्ट इंडिया न्यूज़
बुरहानपुर-आसपास इंदौर, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 2

# भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सम्पन्न

*बुरहानपुर/नेपानगर (राजेश जाधव, आर्ट इंडिया न्यूज)। भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंर्तगत केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में गुरुवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।*





इस शिविर का मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देव द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा पधारे हुएं अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक (संचालन) अजय गोयल तथा वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ज्ञानेश्वर खैरनार द्वारा आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इसे विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतंगत जनहित में बताया गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में गुड अस्पताल, बुरहानपुर तथा नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा संयुक्त रूप से अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 65 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण जैसे रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों से संबधित परीक्षण, परामर्श तथा निःशुल्क औषधि भी वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर अरविंद कुमार, एमडी (मेडिसिन), डॉक्टर अजय सिंह (जनरल फिजिशियन), डॉक्टर सुनील मलानी, एमडी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर मनीषा मिश्र, एमडी (जनरल फिजिशियन), डॉक्टर रमेशचंद्र दलाल, एमबीबीएस, डीसीपी (पैथोलॉजिस्ट), डॉक्टर यशवंत पाटिल, डॉक्टर मसूद मशरूवाला और डॉक्टर राजश्री मोरे द्वारा अपनी चिकित्सकीय सेवाएं दी गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में एक निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

# आपातकाल में आपका रक्त जीवन रक्षा के लिए वरदान साबित होता है : गोयल

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

नेपानगर (नईदुनिया न्यूज)। नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में शुक्रवार को निश्शुल्क रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 16 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। मिल के महाप्रबंधक अजय गोयल ने दुर्घटना सहित अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के लिए रक्तदान के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में यह रक्त वरदान साबित होता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा युवाओं को नियमित अंतराल पर रक्तदान करने और जिला अस्पताल की प्रयोगशाला सहायिका रेखा ओमकार ने महिलाओं एवं युवतियों से रक्तदान करने का आग्रह किया। लैब टेक्नीशियन सुभाष चौहान ने रक्तदान से जीवनदान के महत्व को बताया।


चिकित्सक की उपस्थिति में रक्तदान करते रक्तदाता। ● नईदुनिया

नेपा लिमिटेड के जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया स्वच्छता के तीसरे चरण के इस विशेष अभियान में दो दिवसीय निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर में नेपा मिल कर्मचारियों और नागरिकों द्वारा 10 से दोपहर 3 बजे तक कुल 16 यूनिट रक्तदान किया है। अस्पताल के डा. यशवंत पाटिल, डा. मसूद मशरुवाला, डा. राजश्री मोरे, लेब टेक्नीशियन कैलाश वर्मा सहित शासकीय जिला चिकित्सालय का स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# नेपा लिमिटेड विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लगा रक्तदान शिविर

विनय उजाला

नेपानगर, निप्र। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड विशेष स्वच्छता अभियान 03 के अंतर्गत नेपा चिकित्सालय में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नेपा मिल सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा पधारे हुएं अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ठ अतिथि संचालन महाप्रबंधक अजय गोयल तथा कार्मिक एवं प्रशासन वरिष्ठ




प्रबंधक ज्ञानेश्वर खैरनार द्वारा आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इसे विशेष स्वच्छता अभियान 3 के अंतर्गत जनहित में बताया गया। नेपा मिल जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में गुड़ अस्पताल, बुरहानपुर तथा नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा संयुक्त रूप से अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 65 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण जैसे रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों से संबंधित परीक्षण, परामर्श तथा निःशुल्क औषधि भी वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर अरविंद कुमार, एमडी (मेडिसिन), डॉक्टर अजय सिंह (जनरल फिजिशियन), डॉक्टर सुनील मलानी, एमडी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर मनीषा मिश्र, एमडी (जनरल फिजिशियन), डॉक्टर रमेशचंद्र दलाल, एमबीबीएस, डीसीपी (पैथोलॉजिस्ट), डॉक्टर यशवंत पाटिल, डॉक्टर मसूद मशरूवाला और डॉक्टर राजश्री मोरे द्वारा अपनी चिकित्सकीय सेवाएं दी गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में एक निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

# शिविर में 65 लोगों की निश्शुल्क जांच कर दवा का वितरण किया

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018




नेपा लिमिटेड अस्पताल आयोजित स्वास्थ्य शिविर मे उपस्थित सीएमडी और चिकित्सक। • नईदुनिया

**नेपानगर (नईदुनिया न्यूज)।** स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान-3 के अंतर्गत केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में गुरुवार को मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब की अध्यक्षता में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें 65 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। म

ुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझडीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने जानकारी दी।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर में गुड़ अस्पताल तथा नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा सुबह 10: 30 बजे से दो बजे तक संयुक्त रूप से कैंप लगाकर 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग सहित अन्य मौसमी बीमारियों से संबंधित परीक्षण, परामर्श तथा निश्शुल्क औषधि भी वितरित की गई। शिविर में डा. अरविंद कुमार, एमडीए डा. अजय सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डा. सुनील मलानी, डा. मनीषा मिश्रा, डा. रमेशचंद्र दलाल, डीसीपी पैथोलाजिस्ट, नेपा लिमिटेड के डा. यशवंत पाटिल, डा. मसूद मशरूवाला और डा. राजश्री मोरे ने अपनी सेवाएं दी।

इसके साथ ही शुक्रवार को चिकित्सालय में एक निश्शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 29-10-2023

# दो दिनी निःशक्त स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर

## नेपा मिल अस्पताल में लगा शिविर, आमजन से किया अधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के अस्पताल में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत आयोजित दो दिनी निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दूसरे दिन निःशुल्क रक्त परीक्षण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में नेपा लिमिटेड के महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल द्वारा दुर्घटना सहित अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के लिए रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया। नेपा लिमिटेड अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझड़ीवाल ने युवाओं को नियमित समय अंतराल पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय जिला अस्पताल बुरहानपुर की वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायिका रेखा ओंकार ने महिलाओं, युवतियों से रक्तदान करने का आह्वान किया। लैब टेक्नीशियन सुभाष चौहान ने रक्तदान से जीवनदान के लिए प्रेरित किया। मिल कर्मचारियों,



नेपा मिल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आमजन ने लिया हिस्सा नेपा लिमिटेड जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया स्वच्छता के तीसरे चरण के इस विशेष अभियान में दो दिनी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित निःशुल्क रक्त परीक्षण व रक्तदान शिविर में नेपा मिल कर्मचारियों और नागरिकों द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कुल 16 यूनिट रक्त दान किया गया। रक्तदान शिविर में नेपा लिमिटेड अस्पताल की ओर से डॉ. यशवंत पाटिल, डॉ. मसुद मशरुवाला, डॉ. राजश्री मोरे, लैब टेक्नीशियन कैलाश वर्मा सहित जिला अस्पताल के ब्लड बैंक स्टाफ और नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं दी।

रिफ़त एजाज़ अंसारी
9826240194

# नि:शुल्क रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन



**नेपानगर (मोहम्मद इकबाल) :** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में विशेष स्वच्छता अभियान ३.० के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दूसरे दिन नि:शुल्क रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में नेपा लिमिटेड के महाप्रबंधक (संचालन) अजय गोयल द्वारा दुर्घटना सहित अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा हेतु रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया गया। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा युवाओं को नियमित समय अंतराल पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्व. नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय जिला चिकित्सालय, बुरहानपुर की वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायिका रेखा ओमकार ने महिलाओं एवं युवतियों से रक्तदान करने के लिए बढ-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

लैब टेक्नीशियन सुभाष चौहान ने रक्तदान से जीवनदान की बात को बताया। नेपा लिमिटेड के जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वच्छता के तीसरे चरण के इस विशेष अभियान में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित नि:शुल्क रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर में नेपा मिल कर्मचारियों और नागरिकों द्वारा प्रातः १० बजे से दोपहर ३ बजे तक कुल १६ यूनिट रक्त दान किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय की ओर से डॉक्टर यशवंत पाटिल, डॉक्टर मसूद मशरुवाला, डॉक्टर राजश्री मोरे, लैब टेक्नीशियन कैलाश वर्मा सहित शासकीय जिला चिकित्सालय, बुरहानपुर के ब्लड बैंक के स्टाफ और बिम्स्ट्स नर्सिंग कॉलेज, बुरहानपुर की प्रशिक्षु नर्सिंग स्टाफ द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।